**खबर संक्षेप**

## अर्चना की सूचना देने वाले को अंशु देंगे 51 हजार रूपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी
इंदौर से कटनी के लिए ट्रेन में यात्रा के दौरान कटनी निवासी युवती अचानक लापता हो गई। जानकारी अनुसार अर्चना तिवारी रक्षाबंधन पर्व के लिए 7 अगस्त को कटनी जिले के लिए रवाना हुई थी लेकिन ट्रेन से अचानक लापता हो गई। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद कटनी, भोपाल, इंदौर सहित नर्मदापुरम जिले की रेल पुलिस एक्शन में आते हुए पिछले 5 दिनों से उसकी तलाश में जुटी हुई है। एक तरफ अर्चना के परिजनों ने उसकी सूचना देने वाले को उचित इनाम देने की घोषणा की तो दूसरी ओर कटनी युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा ने भी कटनी की बेटी अर्चना तिवारी के सूचना देने वाले को 51 हजार से पुरुस्कृत करने की घोषणा कर दी है। अंशु मिश्रा का कहना है कि कटनी जिले की बेटी है जो इंदौर में रहकर सिविल जज की तैयारी कर रही थी लेकिन रक्षाबंधन पर्व के लिए घर लौटते वक्त रानी कमलापति स्टेशन के पास से रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। पिछले काफी साल से अर्चना अंशु मिश्रा को रक्षाबंधन पर राखी बांधती आ रही थी। उसकी चिंता परिजनों के साथ पूरे जिले को है। सभी चाहते है अर्चना वापस अपने घर आए। आपको बता दे अर्चना तिवारी को लेकर 4 जिले के रेल प्रशासन के साथ अब स्थानीय समाजसेवी और जनप्रतिनिधि भी समाने आने लगे है। अर्चना तिवारी की जानकारी मिलने पर पुलिस या परिवारजनों को सूचना देने की अपील की गई है।

## पुलिस ने महिला को पकड़ा, सवा किलो गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी
बिलहरी चौकी पुलिस ने एक महिला को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एसआई सुयश पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को मादक पदार्थों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। निर्देश के पालन में क्षेत्र भ्रमण के दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरिया परोहा के पास एक महिला को रंगेहाथों गिरफ्तार किया। महिला अपने हाथ में एक काले रंग का पिट्ठू बैग लिए हुए खड़ी थी, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगी। जिसे मौके पर उपस्थित महिला स्टाफ द्वारा पकड़कर चेक किया गया। पकड़ी गई घिंशु बाई पति स्व. बट्टी लाल कुशवाहा 57 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया परोहा चौकी बिलहरी के पास मिले काले रंग के पीट्टू बैग में 1 किलो 269 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पाया गया। उक्त आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कार्यवाही में एएसआई राम सिंह, प्र आर. धर्मेंद्र यादव, संतोष प्रजापति, प्रआर. सविता, आर. विकास का योगदान रहा।

# कांग्रेस के नए जिला और शहर अध्यक्ष पार्टी को कितना मजबूत कर पाएंगे ?

सतना।
कांग्रेस पार्टी ने लंबे समय बाद जिलाध्यक्ष ग्रामीण और शहर अध्यक्ष बदलकर ने लोगों को जिम्मेदारी सौंपी है। यह बदलाव ऐसे वक्त में हुआ है जब जिले और कांग्रेस किसी स्थिति बेहतर नजर नहीं आती है। गुटबाजी और नेताओं की नाराजगी नजर आती है। ऐसी स्थिति में नए अध्यक्षों की यह जोड़ी पार्टी को कितना मजबूत कर पाएगी यह बड़ा सवाल है।

### लोगों को लगता है कांग्रेस कमजोर है... यह उनकी गलतफहमी है, भाजपा कांग्रेस से ही लड़ रही है: सिद्धार्थ



रविवार को कांग्रेस के नवीन जिलाध्यक्ष ग्रामीण और विधायक सिद्धार्थ खुशवाहा ने हरिभूमि के हिंदी न्यूज़ चैनल आईएनएच से बातचीत करते हुए कहा कि लोगों लगता है कि कांग्रेस कमजोर है यह उनकी गलतफहमी है क्योंकि कांग्रेस से ही भाजपा लड़ गई है उन्होंने कहा कि जो सामान विचारधारा के लोग होंगे उनसे साथ चलकर पार्टी को मजबूत किया जाएगा संगठन को मजबूत किया जाएगा। जो लोग चुनाव के समय पार्टी छोड़कर चले गए उससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। ऐसे लोग स्कूल के छात्र नहीं है जिन्हें बैठाकर हम समझा पाएंगे। कांग्रेस का मकसद जनसेवा है और रहा है। स्वार्थी लोगों के लिए जनसेवा मायने नहीं रखती है। ऐसे लोग अपने स्वार्थ के लिए निर्णय लेते हैं और उसका लाभ उठाते हैं।

### जो कांग्रेस छोड़कर कर चले गए वह कांग्रेस में थे ही नहीं, अब साफ सुथरी कांग्रेस बची है: आरिफ इकबाल



कांग्रेस के नए शहर अध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी ने रविवार को हरिभूमि के सेटेलाइट न्यूज़ चैनल आई एन एच से बातचीत करते हुए कहा कि जो लोग कांग्रेस छोड़कर चले गए वह कांग्रेस में थे ही नहीं। अब साफ सुथरी कांग्रेस बची है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश और पुराने लोगों के अनुभव के साथ हम टीम बनाकर काम करेंगे। वार्ड अध्यक्ष बनेंगे और ऐसा माहौल बनाएंगे की मेयर का और विधानसभा का चुनाव हम जीत जाएं। उन्होंने कहा कि पुराने अध्यक्षों में कोई कमी नहीं रही है थोड़ा सक्रियता की कमी जरूर थी। उन्होंने कहा कि पुराने अध्यक्षों के कार्यकाल में हम लोगों ने दो विधानसभा चुनाव जीते हैं। आरिफ इकबाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के घर-घर जा रहे हैं उनसे मिल रहे हैं लोगों में बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## मैहर में धूमधाम से मनाई गई वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती

मैहर।



रविवार को मैहर के कटनी रोड स्थित मिलन मैरिज गार्डन में एस.सी.,एस.टी.,ओ.बी.सी. महासभा,मैहर जिला इकाई द्वारा वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता और मुख्य आयोजन देवदत्त सोनी (जिला पंचायत सदस्य, सतना) ने किया। सभी अतिथियों का सम्मान पुष्पमालाओं, शॉल और श्रीफल से किया गया। अपने संबोधन में देवदत्त सोनी ने रानी अवंतीबाई के बलिदान को समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया और उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता और जागरूकता लाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। समारोह के मुख्य अतिथि रामकुमार 'शेरसिंह' गोंड (सेवानिवृत्त प्राचार्य,सतना) और विशेष अतिथि आकांक्षा विनोद लोधी (अध्यक्ष,जनपद पंचायत,मैहर) थीं। वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम में रानी अवंतीबाई के योगदान को याद किया और समाज को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बनाया जा रहा होटल, प्रशासन मौन


मैहर।
हनुमान टोला में एक बेशकीमती शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर होटल का निर्माण किया जा रहा है,लेकिन नगर पालिका और राजस्व विभाग इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसी वजह से अतिक्रमणकारी बिना किसी रोक-टोक के निर्माण कार्य कर रहा है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इस पर कार्रवाई कब होगी। यह भी उल्लेखनीय है कि नगर पालिका की निष्क्रियता के कारण मैहर शहर और आसपास की जमीनों को भू-माफिया द्वारा बेचा जा रहा है,लेकिन न तो किसी प्रकार की जांच हो रही है और न ही कोई रोक लगाई जा रही है। स्थानीय लोगों ने मैहर प्रशासन से इस पर तुरंत ध्यान देने और अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।

## सरकारी ब्लड रिक्वायरमेंट फॉर्म का अवैध इस्तेमाल: मैहर अस्पताल पर उठे सवाल

**मैहर।** मैहर सिविल अस्पताल में हो रही अनियमितताओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल का ब्लड रिक्वायरमेंट फॉर्म अवैध तरीके से एक निजी नागपुर अस्पताल में इस्तेमाल किया जा रहा है। यह फॉर्म मरीजों को ब्लड स्टोरेज से खून दिलवाने के लिए दिया जाता है,लेकिन सिविल अस्पताल प्रभारी के संरक्षण में चल रहे एक निजी मल्टी स्पेशलिस्ट नागपुर हॉस्पिटल में इसका धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। जब ब्लड बैंक के अधिकारी डॉ.देवेंद्र पटेल से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि यह सरकारी फॉर्म कब और किसने दिया। इस घटना से यह सवाल उठ रहा है कि अगर सरकारी फॉर्म का अवैध इस्तेमाल हो सकता है,तो क्या सरकारी दवाइयों की भी कालाबाजारी हो रही है? स्थानीय लोगों ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी से इस मामले का संज्ञान लेकर जांच करने और मैहर अस्पताल में चल रही अनियमितताओं को रोकने की मांग की है।

## धर्मेश बने मैहर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

मैहर।
कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर धर्मेश घई पर भरोसा जताते हुए उन्हें मैहर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। धर्मेश घई,जो पहले कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी और नगर पालिका अध्यक्ष भी रह चुके हैं,की नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और कांग्रेस को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।



## मैहर में जन्माष्टमी पर हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता और गौवंश पूजा

मैहर।
मैहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर घंटाघर,बड़ा अखाड़ा,पुरानी बस्ती और देवजी क्षेत्र समेत कई स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। वेद विद्यालय और बड़ा अखाड़ा में भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ। जन्माष्टमी के मौके पर स्कूलों में बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसी तरह,पशुपालन विभाग ने कृषि और गौसंवर्धन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए। बड़ा अखाड़ा मंदिर की गौशाला में महाराज ने गौवंशों की पूजा की। सराय मोहल्ले में आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बजरंग दल के युवाओं ने 20 फीट की ऊंचाई पर रखी मटकी को फोड़कर 11,000 का पुरस्कार जीता।

## कुश्ती जीवन में लड़ने और विजय पाने के लिए प्रेरित करती है: संतोष

मैहर।
नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 2 उदयपुर में शनि देव मंदिर के पास आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने हिस्सा लेकर पहलवानों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

इस प्रतियोगिता में मैहर,जबलपुर,कटनी,सतना समेत कई शहरों के पहलवानों ने भाग लिया। जबलपुर के साकेत पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया और 5,100 का नकद पुरस्कार जीता,जबकि कटनी के साहिल पहलवान दूसरे स्थान पर रहे और उन्हें 2,100 का नकद पुरस्कार दिया गया। संतोष सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि कुश्ती हमारे पारंपरिक खेलों में से एक है जो हमें जीवन के मैदान में मजबूती से लड़ने और अंततः उस पर विजय प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। आयोजन समिति के सदस्य विपिन गौतम ने बताया कि यह पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता कई सालों से उदयपुर में होती आ रही है।



## बड़े उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**सतना।** अनुपमा हायर सेकेण्डरी स्कूल भरहुत नगर सतना में स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी के सलाहकार जी.पी.सिंह के द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ.प्रमोद तिवारी,पदाधिकारी करूणा सिन्हा, सुषमा सक्सेना,रूमा सेनगुप्ता,सुषमा मिश्रा,डॉ.दीपनारायण शर्मा,विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी योगेन्द्र कुमार सिन्हा,सलाहकार आर.ए.सिंह,प्राचार्य पीयूस पाण्डेय,मुन्नालाल शर्मा,महादेव प्रसाद पटेल,भूरी वर्मा,नेहा वर्मन,नागेन्द्र त्रिपाठी,मोनिका तिवारी,विनोद तिवारी,प्रवीण सिंह,विद्यालय के छात्र छात्राएं,शिक्षकगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरान्त बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत,भाषण एवं देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किये गये। विद्यालय के प्राचार्य पीयूष पाण्डेय द्वारा अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए



आज के दिन की विशिष्टता पर प्रकाश डाला गया। जी.पी.सिंह द्वारा देश की अखण्डता,सम्प्रभुता,सांस्कृतिक विचार एंव नवीन शिक्षा नीतियों पर प्रकाश डाला गया तथा स्वतंत्रता सेनानियों की वीरगाथा एंव बलिदान का उदाहरण प्रस्तुत कर वर्तमान समाज को देशभक्ति की भावना के प्रति प्रेरित किया गया। डॉ.प्रमोद तिवारी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस की उपयोगिता एंव बलिदानियों की गाथा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ का भरपूर सहयोग रहा। प्रशासनिक अधिकारी योगेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा सबका आभार प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में अनुपमा पब्लिक स्कूल उतैली में प्राचार्य डॉ.विनय प्रताप सिंह की उपस्थिति में संस्था के वरिष्ठ लेखा अधिकारी रामावतार द्विवेदी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसके उपरान्त नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।रामावतार द्विवेदी द्वारा देश की अखण्डता एवं अमर शहीदों के बलिदानों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में समस्त अभिभावक गण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे एवं उनका विशेष आभार प्रदर्शन प्राचार्य के द्वारा किया गया।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मुक्तियारगंज में मटकी फोड़ प्रतियोगिता: शनि की टीम बनी विजेता



**सतना।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मुक्तियारगंज के स्वामी चौराहे पर एक भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर साल की तरह इस साल भी स्थानीय समाजसेवी पंडित रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले की सात टीमों ने हिस्सा लिया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों के बीच जोरदार उत्साह और तालियों के गड़गड़ाहट के बीच,अंत में श्री शनि की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। टीम के शानदार सामंजस्य और रणनीति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। विजेता टीम को 11,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया,जो समाजसेवी श्री शिवा ने प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन हर वर्ष किया जाएगा और उन्होंने इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी वार्ड वासियों का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में भारी भीड़ मौजूद थी, जो इस आयोजन के प्रति उनके प्रेम और एकता को दर्शाता है। यह प्रतियोगिता केवल एक खेल नहीं, बल्कि वार्ड वासियों के बीच आपसी सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक बन गई।

# शिक्षा में संस्कार और कानून का खौफ अनिवार्य: अश्विनी उपाध्याय

### ए.के.एस. के विधि संकाय दीक्षारंभ समारोह में सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता का संबोधन

सतना।



ए.के.एस. विश्वविद्यालय,सतना के केंद्रीय सभागार में रविवार को विधि संकाय का दीक्षारंभ समारोह आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं 'पीआईएल मैन ऑफ इंडिया' के नाम से ख्यात अश्विनी उपाध्याय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की शिक्षा,चिकित्सा और न्याय प्रणाली श्रेष्ठ है,परंतु शिक्षा में संस्कार और कानून का खौफ जुड़े बिना राष्ट्र की वास्तविक प्रगति संभव नहीं है। कानून और शिक्षा पर विचार व्यक्त करते हुए श्री उपाध्याय ने कहा कि कानून के विद्यार्थियों में जिज्ञासा और संवेदनशीलता सबसे आवश्यक गुण हैं।

संविधान का अर्थ है "समान विधान",जो समाज में समानता और न्याय की नींव रखता है। भारत की वैदिक परंपरा "वसुधैव कुटुंबकम" और "नारी तू नारायणी" को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कर पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करना समय की मांग है। अश्विनी उपाध्याय जी ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में इंडक्शन कार्यक्रम अत्यंत महत्त्वपूर्ण होता है क्योंकि यह विद्यार्थियों को केवल अकादमिक मार्गदर्शन ही नहीं देता,बल्कि जीवन के बड़े उद्देश्यों से भी जोड़ता है। शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य केवल डिग्री पाना नहीं बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनना है,जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। दीक्षारंभ समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत और सरस्वती पूजन से हुई।स्वागत भाषण सूर्यनाथ सिंह गहरवार ने दिया। कार्यक्रम का संचालन विधि संकाय के डीन डॉ.सुधीर जैन ने किया।समापन सत्र में विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी ने विश्व सरकार की अवधारणा पर विचार रखे,जबकि कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े ने आभार व्यक्त किया। समारोह में कुलाधिपति बी.पी.सोनी,विश्वविद्यालय के डायरेक्टर अजय कुमार सोनी,गणमान्य नागरिक और विधि संकाय के शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## केजेएस सीमेंट ने हर्षोल्लास से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

### कार्यकारी निदेशक कर्नल नीरज वर्मा ने किया ध्वजारोहण

सतना।





केजेएस सीमेंट मैहर में देश का 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कंपनी के सभी अधिकारी,कर्मचारियों व श्रमिक समुदाय ने समारोह में भाग लिया। कार्यकारी निदेशक कर्नल (रिटा) नीरज वर्मा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पूर्व सुरक्षा प्रहरियों के दस्ते के आकर्षक मार्च पास्ट व परेड निरीक्षण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कर्नल वर्मा ने अपने संबोधन में उपस्थितजनों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव का जिक्र किया और सेना के शौर्य की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि हम और आप भी गुणवत्तापूर्ण सीमेंट का उत्पादन कर राष्ट्र निर्माण में सहयोगी हैं और देश की तरक्की में योगदान कर रहे हैं। कर्नल वर्मा ने कंपनी के सभी विभागों खासतौर से सुरक्षा,चिकित्सा एवं एचआर विभाग की सराहना की और सभी कर्मचारियों से अपील की कि राष्ट्र के लिए इस महत्वपूर्ण दिन को अपने लिए भी कुछ शुभ संकल्प लेकर महत्वपूर्ण बनाएं। समारोह को मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के उपाध्यक्ष विकास रायजादा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम सुरक्षा विभाग के उन चुनिंदा कर्मचारियों को सम्मानित करने जा रहे हैं जिन्होंने अपने साहसिक कर्तव्यों से कंपनी की सेवा की। इस अवसर पर कमला प्रसाद द्विवेदी,पुष्पेंद्र सिंह,विपिन शुक्ला एवं चंद्रदेव सिंह इन चार विशेष सुरक्षा प्रहरियों को सम्मानित किया गया जिन्हें पूर्णकालिक निदेशक केएस सिंघवी,सीओओ राजेश बैरागी,कंपनी प्रबंधक राजेश शुक्ला,सीएफओ महेश जैन एवं प्रोसेस इंचार्ज बीके ठाकुर के हाथों प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क प्रबंधक निरंजन शर्मा ने किया। इस अवसर पर सभी प्रमुख कंपनी अधिकारियों सहित अनिल राय, केवीआर मूर्ति, रविकांत नम्मी, दीपक शर्मा,वीरेन्द्र गौतम, बमबम चौधरी, चिराग सक्सेना व अमरेन्द्र सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। समारोह के आयोजन में एचआर प्रबंधक सतीश दुबे,संतोष कुमार, सुरक्षा अधिकारी चंद्रमणि द्विवेदी, अजय कांत त्रिपाठी, पियूष त्रिपाठी, मनीष सिंह, गजेन्द्र सिंह, अदिति तिवारी, शालू तिवारी, जितेन्द्र बागरी एवं कल्याण सिंह का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

# वीरांगना अवंती बाई जयंती पर विशाल वाहन रैली व भाईचारा सम्मेलन संपन्न

## सांसद राहुल लोधी, विधायक व साध्वी रामसिया भारती, प्रहलाद लोधी हुए शामिल





**पन्ना।** हीरों, वीरों, झीलों, मंदिरों एवं बाघों के लिए विश्व विख्यात पवित्र नगरी पन्ना में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सन 1857 की क्रांति में देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध लड़ते हुए प्राणों की आहुति देने वाली अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी जयंती के उपलक्ष में 17 अगस्त 2025 को विशाल वाहन रैली एवं राष्ट्रीय एकता व भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, विशिष्ट अतिथि मलहरा विधायक एवं साध्वी राम सिया भारती व पवई विधायक प्रहलाद लोधी सहित कई हस्तियां शामिल हुईं। दिन में 12 बजे इंद्रपुरी कॉलोनी से वाहन रैली तिरंगा यात्रा एवं शोभायात्रा प्रारंभ हुई। हाथों में तिरंगा और धर्म ध्वज के साथ लोधी समाज के हजारों लोगों के साथ सर्व समाज के लोग, पूर्व सैनिक, गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी पैदल एवं वाहनों में सवार होकर रवाना हुए, खुली जिप्सी में वीरांगना अवंती बाई की पोशाक में बालिकाएं भी शामिल हुईं। डीजे की धुन में देशभक्ति गीतों नारों और जयकारों के साथ रैली एवं शोभायात्रा आगे बढ़ी जगह-जगह गणमान्य नागरिकों के द्वारा जलपान एवं पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, गोविंद मंदिर चौक, बलदाऊ मंदिर चौक, छत्रसाल पार्क, अंबेडकर चौक, गांधी चौक, पंचम सिंह चौराहा एवं महेंद्र भवन चौक से अजयगढ़ चौराहा होकर एवरसाइन गार्डन इंद्रपुरी कॉलोनी पहुंची जहां मंचीय कार्यक्रम हुआ।

### सांसद राहुल लोधी व विधायक रामसिया भारती ने दिया संदेश

मुख्य अतिथि सांसद राहुल सिंह लोधी ने वीरांगना अवंती बाई लोधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लोधी समाज के साथ-साथ उपस्थित सर्व समाज के लोगों को एकता और भाईचारा का संदेश देने के साथ शिक्षा को महत्व देने व अपनी जमीनों को नहीं बेचने का आह्वान किया, उन्होंने आने वाले भविष्य को स्वर्णिम बताते हुए कहा कि जमीन बेचने की गलती कभी ना करें यह आपकी सबसे बड़ी गलती हो सकती है। इसके साथ ही आगामी दिनों में पन्ना नगर में अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा लगवाने के प्रयास की भी बात कही। विशिष्ट अतिथि विधायक एवं साध्वी राम सिया भारती ने कहा कि आज की पीढ़ी को वीरांगना अवंती बाई के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। आगे कहा कि मैं बचपन से ही भजन एवं कथा के साथ धर्म का प्रचार कर रही हूं लेकिन केवल इसी से काम नहीं चलेगा, आगे बढ़ने के लिए शिक्षा जरूरी है शिक्षा हमें आगे बढाती है और धर्म सही मार्ग दिखाता है, इसलिए अपने बच्चों की शिक्षा में कोई कमी न रखें। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि विगत कुछ समय से नशा दिन दोगुना और रात चौगुना बढ़ रहा है नशा नाश की जड़ है उन्होंने कहा कि जैसे महुआ के पेड़ में जब फूल आते हैं तो उसके पत्ते झड़ जाते हैं इसी प्रकार परिवार का एक व्यक्ति नशे की लत में फंसता है तो पूरा परिवार बिखर सकता है इसलिए अपने परिवार की सुरक्षा एवं शांति के लिए और समाज में एकता और भाईचारा के लिए नशा को त्यागना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री सुश्री कुसुम सिंह महदेले ने भी समाज को एकता भाईचारा के साथ रहने और नशे से दूरी बनाने की सलाह दी। मुख्य अतिथि सांसद श्री लोधी विशिष्ट अतिथि विधायक एवं साध्वी सुश्री भारती एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पूर्व मंत्री सुश्री महदेले का गजमाला से सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

### पूर्व सैनिकों व समाजसेवियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, गणमान्य नागरिकों और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कमेटी के सदस्यों को पुष्पमाला से सम्मानित कर स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वीरांगना अवंती बाई लोधी जयंती समारोह आयोजन समिति के द्वारा किया गया। मंच का संचालन प्रोफेसर जयपाल सिंह लोधी ने किया एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सैनिक एवं सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी ने किया। कार्यक्रम में पन्ना, सतना, बांदा एवं छतरपुर जिले के लोधी समाज के साथ-साथ सर्व समाज के लोग शामिल हुए। अंत में सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। वाहन रैली से लेकर मंचीय कार्यक्रम तक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत पन्ना कोतवाली का पुलिस बल तैनात रहा।

# पुलिस की कार्यवाही का नहीं हुआ असर, जस की तस नेशनल हाइवे पर बिक रही शराब

### थाना मे पदस्थ ाे ने शराब तस्कर को दिया सरक्षण।

**पन्ना।** थाना क्षेत्र के धर्मपुरा में विगत कई वर्षों से खुलेआम शराब पेयकारी का खेल जारी है। ग्रामीणों के अनुसार 15 अगस्त जैसे शुष्क दिवस पर भी शराब की बिक्री बंद नहीं हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके से 50 पाव शराब जब्त कर आरोपी को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया था, लेकिन उसके बाद भी बिक्री पर कोई असर नहीं पड़ा और धंधा जस का तस जारी है। सूत्रों का कहना है कि शराब तस्कर को कई बड़े लोगों का संरक्षण प्राप्त है। यहां तक कि आरोपी स्वयं अपने ग्राहकों से यह बात खुलेआम कहता है। गुप्त जानकारी के मुताबिक, थाना शाहनगर में पदस्थ एक एएसआई द्वारा शराब तस्कर रनमत सिंह राठौर को संरक्षण दिया गया है। बताया जा रहा है कि एएसआई ने आरोपी को आश्वासन दिया है कि यदि कोई मीडिया कर्मी या समाजसेवी विरोध करता है तो महिलाओं को आगे कर उन्हें चप्पलों से मारते हुए थाने तक घसीटा जाए और उन पर फर्जी मामला दर्ज कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की शिकायत करते हुए आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध धंधे पर सख्त कार्रवाई की जाए और संरक्षण देने वालों पर भी कार्यवाही हो। अब देखना यह होगा कि पुलिस तस्करों को बचाती है या ठोस कदम उठाकर इस अवैध कारोबार को समाप्त करती है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार को आई गंभीर चोटे प्राथमिक उपचार के बाद कटनी रेफर



**पन्ना।** विकासखण्ड शाहनगर के अंतर्गत ग्राम खमतरा निवासी घनश्याम चौधरी उम्र 27 वर्ष और विष्णु चौधरी उम्र 40 वर्ष तेंदूघाट से ग्राम खमतरा की ओर जा रहे थे तभी अचानक रोड पर मवेशी के आने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए उसी रोड से टिकारिया निवासी प्रदीप चौधरी गुजर रहा था उसने मानवता की मिशाल पेश करते हुए घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र शाहनगर में भर्ती करवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को कटनी जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया । ग्रामीणों से बातचीत के दौरान जानकारी मिली की विष्णु चौधरी को गांव में जन्माष्टमी की मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था ग्रामीणों ने उसके ठीक होने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# देवेन्द्रनगर के लोगों ने आगे आकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जिन्होंने सेवा के भाव से सहयोग किया उन्हें सम्मान से 15 अगस्त के दिन नवाजा गया



**पन्ना।** सम्मान उन्हीं को मिलता है जो समाज के लिये आगे आकर स्वयं से कहीं न कहीं समाज के हित में कार्य करते है निष्चित ही ऐसे चेहरे ही हमारे मार्ग को प्रसस्त्र करते है जो समाज के लिये अनुकरणीय बनते है। ऐसे ही कुछ लोग जिन्होंने देवेन्द्रनगर स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सालय में अपने से अस्पताल के लिये दान किया या सहयोग दिया ऐसे लोगों को 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व के दिन मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवेन्द्रनगर डॉ0 अभिषेक जैन ने सभी को प्रसस्ति पत्र प्रदान करते हुये उन्हें सम्मान से नवाजा ये ऐसे चेहरे है जो समाज के लिये आइना की तरह दिषा देने के लिये प्रेरणा श्रोत बने। जिन लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपने से अस्पताल में जैसे डीप फ्रीजर, पलंग, व्हीलचेयर, कंबल और चादर जैसी सुविधायें सहयोग की भावना से अस्पताल में लोगों के लिये मदद को लेकर दान स्वरूप किया वहीं जिन लोगों के नाम है जिनमें निक्की जैसवाल, प्रज्ञा इन्टरप्राइजेज के टिंकू जैन, संजू होटर से अजीत जैन, प्रषांत जैन, शैलेन्द्र जैन (डब्बू सर), जुगल लखेरा, प्रमोद जैन (भोले सकरिया वाले, अनिल तिवारी (राजश्री एजेन्सी), धर्मेन्द्र (किराना स्टोर), डॉ0 विनोद तिवारी, मुकेष गुप्ता (गग्गा), अंकुष गुप्ता (केषरवानी चाट भण्डार), रमेष अग्रवाल, सुधाषु अग्रवाल, (सोनू बैटरी) अतुल जैन, धन्नू जैन, महिला परिषद जैन समाज क्लब ने कंबल सानू जैन और विकास जैसवाल ने चादरें वहीं विजय खरे ने पलंग और व्हीलचेयर भेंअ किये थे इस तरह से यह सभी नाम जिन्होंने अपने नगर के अस्पताल की बेहर सुविधाओं को लेकर आगे आकर मदद की ऐसे लोगों को राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के दिन सम्मान से नवाजा गया निष्चिततौर पर जो दूसरों के लिये यानिकी समाज के लिये सेवा भाव से कार्य करते है इन्हें ही सम्मान की दिषा तय होती है जो आज सामने आई।

# अटल जी के प्रयास से गांव गांव पहुंची सड़कें

## अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि और कुशा कुशा भाऊ ठाकरे की जयंती मनायी



**अमानगंज।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अमानगंज में स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि और कुशा भाऊ ठाकरे जी की जयंती नगर निकाय कार्यालय के समक्ष पूरे उत्साह के बीच मनाई गई। जहां मंडल संगठन के समस्त पदाधिकारी मैदानी पार्टी कार्यकर्ता बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति देखी गईआरंभ में पंडित अटल जी और ठाकरे जी की प्रतिमाओं के समक्ष प्रचलन पुष्प हार अर्पण करने के साथ आयोजन आरंभ हुआ इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर संजय तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की मुख्य आधारशिला अटल जी वाजपेई को बताया और कहा कि उन्होंने अपना तन मन धन सब कुछ संगठन को देखकर बड़ा त्याग और तपस्या का काम करते हुए भाजपा को खड़ा किया है। साथ ही आयोजन को संबोधित करते हुए मंडल संगठन के अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में बताया कि ठाकरे जी ने मध्य प्रदेश में भाजपा संगठन को किस तरह से मजबूत करके खड़ा किया है यह बात पार्टी का हर कार्यकर्ता जानता है वह किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहते थे संगठन के एक बड़े नेता होने के बाद भी वह साधारण पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधे जुड़ा करते थे हमेशा उनके नाम से परिचय उनका रहा पार्टी कार्यकर्ता का चेहरा देखा और तत्काल ही उसका नाम उनके होठों पर आज आया करता था कुल मिलाकर मैदान से लेकर कार्य करता के चूल्हे तक ठाकरे जी का संपर्क मजबूती से पार्टी कार्यकर्ताओं से होता था पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी देश के प्रधानमंत्री एक बार नहीं अनेक बार पर और हर स्थिति में उन्होंने संगठन को चलाया देश को खड़ा करने के लिए वह किसी से झुके नहीं परमाणु पोखरण जैसे बड़े-बड़े परीक्षण उनके ही कार्यकाल में किए गए इसके लिए उन्हें बड़े-बड़े दबाव अमेरिका जैसे देशों ने भी दिए परंतु उन्होंने सब की बातों और दबाव को किनारे करते हुए अपने परमाणु परीक्षण किया और सारे विश्व में भारत को एक शक्तिशाली देश के रूप में तैयार करके खड़ा किया अटल जी के शासनकाल में प्रधानमंत्री सड़क योजना आरंभ हुई जो गांव-गांव तक पहुंची और जिससे हर गांव का विकास उनकी एक बड़ी सोच के माध्यम से हुआ और देश की करोड़ जनता को उनकी यह योजना एक बड़े वरदान के रूप में मिली कार्यक्रम के अंत में नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सरकार खटीक जी ने अपने विचार रखते हुए आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन मंडल संगठन के उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य राम अवतार पांडे अरविंद दुबे आनंद सिंह राजपूत प्रदीप अवस्थी भूपेंद्र सिंह छोटे राजा प्रेम नारायण शर्मा पुष्पेंद्र विश्वकर्मा कमलेश पांडे राजन गौतम घमंडी चौधरी अरविंद चौधरी त्रिलोक सिंह सहित विभिन्न पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमानगंज थाना कारावास में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव मनाया

**अमानगंज।** इस दौरान जेल परिसर में भक्ति भाव से वातावरण गूंज उठा। पुलिस प्रशासन और स्टाफ की उपस्थिति में मध्य रात्रि को बालकृष्ण लाल का जन्म हुआ, जिसके उपरांत भजनों और मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना संपन्न हुई।थाना प्रांगण में सजे झांकियों में नन्हे बालकृष्ण की आकर्षक झलक देखने को मिली। स्टाफ और पंडित जी ने भजन-कीर्तन कर अपनी आस्था प्रकट की और एक-दूसरे को प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर कारागार प्रशासन ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन से मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और समाज व संस्कृति से जुड़ाव की भावना प्रबल होती है।पूरे आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा और जन्माष्टमी का पर्व विशेष रूप से यादगार बन गया।

# बधाई बाबा नंद के जय कन्हैया लाल की: श्री प्राणनाथ जी मंदिर में धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**पन्ना। कृष्ण भक्तों के लिये बुन्देलखण्ड क्षेत्र के पन्ना में स्थित श्री प्राणनाथ जी का मंदिर वृन्दावन से कम नहीं है। यह अनूठा मंदिर पूरे देश के श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मंदिर में विशेष कांच के झूले में श्रीजी के लौकिक दर्शन होते हैंस पन्ना के इस प्राचीन और जन आस्था के केन्द्र श्री प्राणनाथ जी मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और अनूठे अंदाज में मनाया जाता है।**

इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर्व मनाने के लिये जोर शोर के साथ तैयारियां की गई थीस जन्माष्टमी के पावन पर्व पर मंदिर में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं पहुंचकर पूरे उत्साह के साथ देर रात्रि तक मंदिर प्रांगण में उपस्थित रहकर जन्माष्टमी मनाई स जैसे ही मंदिर के पुजारी द्वारा पर्दा खोलकर झूले में बैठे हुए भगवान के मनोरम छवि के दर्शन होते हैं और जन्मोत्सव होता है तो श्रद्धालुओं द्वारा भगवान के दर्शन करते हैं तो सभी एक स्वर में गगन बेदी जयकारा लगाएं बधाई बाबा नंद के जय कन्हैया लाल कीष जयकारों से मंदिर परिषद गूज उठना है।

### रात्रि के 12 बजाते ही पर्दा खुला और लोगों ने किया अलौकिक दर्शन

श्री प्राणनाथ मंदिर में श्री कृष्णा जन्माष्टमी मैं शामिल होने के लिए देश के कोने-कोने से सैकड़ो लोग पन्ना पहुंचते हैं स मंदिर में रात्रि 11 बजे से जन्मोत्सव कार्यक्रम शुरू हो गया थास विभिन्न कार्यक्रमों के बाद अंत में जोगमाया का गायन हुआ तत्पश्चात पर्दा खुलता है और कांच के विशेष झूले में भगवान श्री के दर्शन श्रद्धालुओं को मिलते हैंस झूले के सामने विशेष रूप से खिलौने की झांकी बनाई गई थी जो आकर्षण का केंद्र रही।

### विशेष आरती पुजारी द्वारा की गई

जैसे ही पर्दा खुलता है उपस्थित सैकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा श्रीफल (नारियल) तोड़कर अर्पित करते हैं स तत्पश्चात विशेष आरती पुजारी द्वारा की गई स यह कार्यक्रम रात्रि 2 बजे तक उत्साह के साथ चलता रहा उसके बाद श्रद्धालु सुंदरसाथ द्वारा प्रसाद एवं पंचामृत लेकर अपने अपने घरों को रवाना हुए।

### आकर्षक ढंग से सजाया गया था मंदिर

उल्लेखनीय है कि जन्माष्टमी पर्व को देखते हुये श्री प्राणनाथ जी मंदिर को जहां आकर्षक ढंग से सजाया गया था वहीं मंदिर परिसर के चारों ओर साफ-सफाई से मंदिर को स्वच्छ व सुन्दर बनाया गया है। रात्रि के समय मंदिर की सुन्दरता में चार चांद लगाने के लियें विद्युत लडियां भी लगाई गई हैं।

### देश के कई राज्यों से पन्ना पहुंचे श्रद्धालु सुंदरसाथ

पन्ना के श्री प्राणनाथ जी मंदिर में मनाए जाने वाली श्री कृष्णा जन्माष्टमी अपना अलग ही महत्व रखती है। भगवान के जन्म के प्रथम दर्शन के लिए देश के कई राज्यों से श्रद्धालु लोग पन्ना पहुंचकर जन्माष्टमी मानते हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर सर्वाधिक श्रद्धालु लोग गुजरात राज्य के देखें गए इसके अलावा महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़, बिहार आदि राज्यों के साथ- साथ मध्य प्रदेश के भी कई जिलों से श्रद्धालु सुंदर साथ काफी संख्या में पहुंच कर जन्माष्टमी का आनंद लिया।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर लगाई गई भव्य झांकी



**पन्ना।** ब्रह्माकुमारी विद्यालय में जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही उमंग उत्साह एवं आध्यात्मिक रीति से मनाया गया, बहन जी ने सभी को पर्व की शुभकामना देते हुए कहा की श्री कृष्ण का जीवन एक कुशल साधक और कर्म योगी का जीवन है, श्री कृष्ण का अर्थ है ही आकर्षण करने वाला उन्हें मनमोहन भी कहा जाता है श्री कृष्ण का जीवन आज तक भी हमें प्रेरित करता है इसका मुख्य कारण है श्री कृष्ण के जीवन में समाये हुए दिव्य गुण, श्री कृष्ण को सर्वगुण संपन्न 16 कला संपूर्ण कहा जाता है उन्होंने कहा कि हम सिर्फ झांकियां देखकर ही खुश ना हो बल्कि अपने जीवन में भी झांके, जिन गुणों के कारण आज तक श्री कृष्ण की महिमा है वह गुण हमारे स्वयं के जीवन में धारण करें, व्यक्ति गुणों से ही महान बनता है उन्होंने कहा कि सच्ची जन्माष्टमी तभी होगी जब हम श्री कृष्ण के समान गुणवान बने, श्री कृष्ण जन्माष्टमी की सार्थकता इसी में है कि आज की परिस्थिति में प्रत्येक मनुष्य अर्जुन बने श्री कृष्ण की विशेषताओं को आत्मसात करें तथा सच्ची-सच्ची गीता का अध्ययन और विवेचन कर उसे जीवन में उतारने का प्रयास करें, महाभारत काल में केवल एक द्रोपती का चीर हरण हुआ था परंतु आज? तो इसका जिम्मेदार कौन इसके बारे में हमें सोचना चाहिए, भगवान श्री कृष्ण ने कहां हे अर्जुन कोई भी मनुष्य किसी का शत्रु नहीं होता है, मनुष्य के अंदर व्याप्तकाम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार मनुष्य के शत्रु है ,जब इन पर विजय प्राप्त करेंगे तभी हम सुख शांति से रह सकेंगे और एक सुखमय सतयुगी दुनिया की स्थापना कर सकेंगे। वर्तमान समय ही कलयुग के अंत और सतयुग के आदि का संगम समय है जबकि परमात्मा शिव ब्रह्मा के तन के द्वारा गीता ज्ञान एवं राजयोग की (ध्यान) शिक्षा दे रहे हैं जिस गीता ज्ञान से मनुष्य के अंदर व्याप्त बुराइयों का अंत हो जाता है और मनुष्य सात्विक जीवन जीने लगता है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश मेहरा
नायाब तहसीलदार
एवं समस्त स्टाफ, गुनौर, जिला-पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम पांडे
कनिष्क अभियंता
देवेंद्र नगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीसि सिंह
अधीक्षिका
सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास
गुनौर जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम मेडिकल स्टोर्स
संचालक
देवेंद्र नगर, जिला-पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज (शेरू) जैन
उत्कृष्ट पंचायत सरपंच
शाहनगर, जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौरभ राय
पटवारी
सलेहा जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमोल सिंह
शाखा प्रबंधक
विष्णु दीक्षित
प्रशासक
निवेदक समिति प्रबंधक कचनारा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमोल सिंह
शाखा प्रबंधक
विष्णु दीक्षित
प्रशासक
निवेदक समिति प्रबंधक सलेहा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भगीरथ पटेल
समिति प्रबंधक
विष्णु दीक्षित
प्रशासक
सहकारी समिति जसवंतपुरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भगीरथ पटेल
समिति प्रबंधक
विष्णु दीक्षित
प्रशासक
सहकारी समिति पुरैना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रितेश ठाकुर
समिति प्रबंधक
विष्णु दीक्षित
प्रशासक
सहकारी समिति पगरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. उमाशंकर शर्मा
समिति प्रबंधक
विष्णु दीक्षित
प्रशासक
श्यामरडाडा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रितेश ठाकुर
समिति प्रबंधक
विष्णु दीक्षित
प्रशासक
सहकारी समिति महेवा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमोल सिंह
शाखा प्रबंधक
विष्णु दीक्षित
प्रशासक
समिति प्रबंधक गुनौर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति ज्योति सिंह राजपूत
प्रभारी तहसीलदार एवं समस्त स्टाफ
देवेंद्र नगर जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
एसडीएम
निवेदक एसडीएम रीडर, गुनौर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमोल सिंह
शाखा प्रबंधक
विष्णु दीक्षित
प्रशासक
समिति प्रबंधक भरशोभा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुशवाहा
एसबीआई कियोस्क संचालक
देवेंद्र नगर, जिला-पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भूपेंद्र कुशवाहा
एसबीआई कियोस्क संचालक
देवेंद्र नगर, जिला-पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दुष्यंत पटेल
सामुदायिक स्वास्थ केंद्र
देवेंद्र नगर जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अभिषेक जैन
सीबीएमओ
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्र नगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप शर्मा
आरक्षक
कोतवाली थाना पन्ना जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामकुमार प्रजापति
खण्ड शिक्षा अधिकारी
गुनौर जिला पन्ना

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मीकांत शर्मा
सरपंच
विवेक गौतम
सचिव
भिलसाय

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चौकी प्रभारी
एवं समस्त स्टाफ
शकररिया

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चौकी प्रभारी
एवं समस्त स्टाफ
ककरहटी

## खबर संक्षेप

### गौरिहार परि. अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं अनंतिम चयन सूची जारी

**छतरपुर।** परियोजना अधिकारी म.बा.वि. परियोजना गौरीहार जिला छतरपुर ने बताया कि आंगनवाडी कार्यकर्ता पद के लिए आंगनवाडी केन्द्र धावा, देवपुर, ठकुर्रा केन्द्र-3, घटरा केन्द्र-1, गौहानी केन्द्र-2 व आंगनवाड़ी सहायिका पद के लिए आंगनवाडी केन्द्र हवंशपुर, हटवा केन्द्र-1, शिवराजपुर, लौसी, लवलास, लका केन्द्र-2, रामपुर, घोषी, रेवना केन्द्र-2, मोतीलाल का पुरवा, मवईघाट केन्द्र-1, मलंगीपुरवा, मनवारा केन्द्र-1, मनुरिया केन्द्र-1, बारीखेडा, बरैयां, बदौराकलां केन्द्र-1, बडनपुर, प्रतापपुर, पडरखा, दूल्हादेव, तिलंगनपुर, तुरकनपुरवा, टिकरी केन्द्र-2, टेडीकबरी, जरैला, छपरा, चेलापुरवा, चुरियारी केन्द्र-1, गोविंदपुर, खामिनखेडा केन्द्र-1. खुडैरी, खड्डी केन्द्र-3, किउटी, कारीमाटी, कैवलाहा, कुंवरपुर, करहरी केन्द्र-1, कुम्हारनपुरवा, कंचनपुर, इमलाही, इटौरा में आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति हेतु खण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक पश्चात एमपीऑनलाईन द्वारा 16 अगस्त 2025 को पब्लिक डोमेन में अनंतिम सूची जारी की गई है उक्त जारी अनंतिम सूची के विरूद्ध 22 अगस्त 2025 तक एमपीऑनलाईन चयन पोर्टल पर अभ्यर्थी द्वारा स्वयं 07 दिवस के अंदर दावा या आपत्ति दर्ज की जा सकती है। दावा या आपत्ति केवल एमपीऑनलाईन पोर्टल पर ऑनलाईन प्राप्त किए जायेंगें, यह केवल संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा ही दर्ज किया जा सकता है, दावा या आपत्ति के समय आवेदिका द्वारा केवल आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों से संबंधित दस्तावेज ही प्रस्तुत किए जायेंगें तथा कोई भी नवीन दस्तावेज स्वीकार्य नहीं होगा। किसी आवेदिका का कोई दस्तावेज अंक देने से छूटा हो तो दावा या आपत्ति दर्ज की जा सकती है, आवेदिका द्वारा अनंतिम मैरिट सूची में आए उम्मीदवार के विरूद्ध दस्तावेज प्रमाण प्रस्तुत किया जाना होगा।

### एनसीएल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**सिगरौली।** सामुदायिक सशक्तिकरण, हरित प्रेषण और सतत खनन के साथ राष्ट्र की ऊर्जा आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध एनसीएल - श्री बी. साईराम*शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में सीएमडी, एनसीएल श्री बी. साईराम ने ध्वजारोहण किया एवं सभी कर्मियों एवं हितग्राहियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होने परेड का निरीक्षण किया व कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया।अपने उद्बोधन में सीएमडी, एनसीएल श्री बी. साईराम ने कहा कि 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में कोयला क्षेत्र मजबूत स्तम्भ रहा है एवं एनसीएल देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के आलोक में निरंतर प्रयासरत है। अपने उद्बोधन में श्री साईराम ने सिंगरौली परिक्षेत्र की स्वास्थ्य बेहतरी की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करते हुए केंद्रीय चिकित्सालय, सिंगरौली और अटल चिकित्सालय, बीना में अमृत फार्मेसी की शुरुआत के साथ एनसीएल सीएसआर पहल चरक '**CHARAK- Community Health: A Responsive Action for Koylanchal**' तथा अभिनव सीएसआर प्रकल्प ''नन्हा-सा-दिल-एनसीएल'' के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। श्री साईराम ने एनसीएल द्वारा पूर्णतः महिला कर्मियों द्वारा संचालित 'कॉस्ट एंड बजट सेल' की शुरुआत एवं एनसीएल परिवार की नारी शक्ति को प्राथमिक उपचार अग्रदूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण सत्रों के बारे में भी बताया। केंद्रीय स्तरीय इस कार्यक्रम में एनसीएल से निदेशक (मानव संसाधन) श्री मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी) श्री सुनील प्रसाद सिंह, श्रमिक संघ के जेसीसी सदस्यगण, सीएमएस से श्री अजय कुमार, आरसीएसएस से श्री लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्री अशोक मिश्रा, केएसएस से श्री अशोक कुमार पाण्डेय, सीएमओएआई महासचिव श्री सर्वेश सिंह, कृति महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती बी के दुर्गा एवं उपाध्यक्षा श्रीमती नम्रता कुमार एवं श्रीमती बीना सिंह, मुख्यालय के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी व कर्मचारी, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।*मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन), श्री मनीष कुमार ने किया ध्वजारोहण*इससे पूर्व सुबह में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एनसीएल मुख्यालय परिसर में आयोजित समारोह में निदेशक (मानव संसाधन) श्री मनीष कुमार ने ध्वजारोहण किया।

## नौगांव मिलिट्री स्टेशन में 79वें स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन, कर्नल पनेरी ने फहराया तिरंगा

### कर्तव्यनिष्ठ सैनिकों को मिला सम्मान, देशभक्ति गीतों और नारों से गूंजा सैन्य परिसर



**नौगांव।** मिलिट्री स्टेशन में स्वतंत्रता दिवस के 79वें पर्व पर शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। प्रशासनिक कमांडेंट कर्नल विक्रम पनेरी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस दौरान सैनिकों और स्टाफ की टुकड़ियों ने अनुशासन और उत्साह से परिपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। ध्वजारोहण के उपरांत कर्नल विक्रम पनेरी ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि आज का दिन हमें उन अमर बलिदानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आज़ाद कराया। उन्होंने सैनिकों से आह्वान किया कि वे न सिर्फ सीमाओं की सुरक्षा में बल्कि राष्ट्र के हर क्षेत्र में मेहनत, ईमानदारी और समर्पण के साथ योगदान दें। कर्नल पनेरी ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारतीय सेना की भूमिका और भी अहम हो गई है। उन्होंने सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनके परिश्रम और बलिदान के कारण देश की सीमाएँ सुरक्षित हैं और जनता चैन की नींद सो रही है। इस अवसर पर उन्होंने अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और साहसिक कार्यों के लिए कुछ सैनिकों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। समारोह में सैनिकों की तालियों के बीच देशभक्ति गीत गूंजते रहे। ध्वजारोहण के बाद परिसर में देशभक्ति नारों से माहौल गूंज उठा। अंत में सभी को जलपान कराया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। नौगांव मिलिट्री स्टेशन का यह आयोजन न सिर्फ सैनिकों के उत्साह को बढ़ाने वाला रहा बल्कि आमजन को भी यह संदेश देने वाला रहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और इसके लिए हर नागरिक को अपनी भूमिका ईमानदारी से निभानी चाहिए।

## राजनगर पुलिस ने पकड़े पांच शातिर चोर



**छतरपुर।** राजनगर पुलिस ने ग्राम बिला में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरों के पास से 75 हजार मूल्य के आभूषण और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया है। बताया गया है कि जुलाई 2025 में ग्राम बिला में हुई चोरी की घटना पर भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने इसी वारदात को अंजाम देने वाले पांच आरोपी इदरीश खान, चेनू उर्फ चेहनू कुशवाहा, केशु कुशवाहा तीनों निवासी मकरबई, महोबा उत्तरप्रदेश, सुभाष तिवारी निवासी महोई कला, सरवई और ओम चौहान इंदिरानगर, कबरई, महोबा को हिरासत में लिया है। आरोपियों के पास से मंगलसूत्र, चूड़ी, पायल, बाली, और टॉप्स जैसे 75 हजार रुपए के आभूषण और एक कार बरामद की है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि वे लूट, चोरी, हत्या करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह में शामिल हैं। बताया गया है कि आरोपी इदरीश खान पर 21, चेनू कुशवाहा पर 14, सुभाष तिवारी पर 7 और केशु कुशवाहा पर 11 मामले पहले से दर्ज हैं।

## अचट्ट के महाभारतकालीन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



### पुरातन गांव में भक्ति और इतिहास का संगम, भगवान विष्णु मंदिर में पूजा-अर्चना

**ईशानगर।** छतरपुर जनपद अंतर्गत अचट्ट गांव के महाभारतकालीन मंदिर में बीते रोज श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भव्य रूप से मनाया गया। गांव के प्राचीन भगवान विष्णु मंदिर में आयोजित इस उत्सव में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिसने इस पुरातन गांव की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को और जीवंत कर दिया।

मंदिर के महंत सरस्वती दास महाराज (राजा पंडित) ने बताया कि यह गांव महाभारत काल से अस्तित्व में है और इसे तब अचलपुर के नाम से जाना जाता था। गांव में खुदाई के दौरान 10वीं और 11वीं सदी की प्राचीन मूर्तियां मिलती हैं, जिनमें भगवान शिव, विष्णु, हनुमान और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां शामिल हैं। इन मूर्तियों और मंदिरों के संरक्षण के लिए पुरातत्व विभाग की अनुमति अनिवार्य है, लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण कई मंदिर खंडहर हो गए हैं। फिर भी, भगवान विष्णु का एकमात्र मंदिर आज भी जीवंत है, जहां पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी है। इस जन्माष्टमी पर मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान विशेष पूजा और भक्ति भजनों का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्साह, बल्कि अचट्ट की महाभारतकालीन विरासत और पुरातन संस्कृति को उजागर करने का भी एक अवसर बना।

## 61 लाख नगद सहित 70 लाख की संपत्ति बरामद

# फरियादी ही निकला कैश वैन लूटकांड का मास्टर माइंड, पुलिस ने किया खुलासा





**छतरपुर।**

2 दिन पहले स्वतंत्रता दिवस के दिन जिले के गौरिहार थाना क्षेत्र में बैंक की कैश वैन लूटे जाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई थी, जिसे गंभीरता से लेकर छतरपुर पुलिस ने मात्र दो दिनों में मामले का खुलासा कर दिया है। उक्त वारदात का मास्टरमाइंड कैश वैन का चालक निकला है, जिसने अपने भाइयों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ लूटे गए 61 लाख रुपये नगद, मोबाइल, कार, बाइक सहित कुल 70 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की है। रविवार को पुलिस अधीक्षक ने जिला मुख्यालय पर पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में कार्रवाई की विस्तृत जानकारी पत्रकारों को दी।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि दो दिन पूर्व 15 अगस्त को गौरिहार थाना क्षेत्र में ग्राम गहबरा-सिचहरी मार्ग पर लूट की वारदात हुई थी, जिसमें फरियादी के तौर पर एटीएम कंपनी हिटैची के फ्रेंचाइजी संचालक मनीष कुमार पुत्र भान सिंह अहिरवार, निवासी महोबा, उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट पर गौरिहार थाना में लूट का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। एसपी श्री जैन ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी गई, वहीं पुलिस और साइबर टीम द्वारा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार के साथ एसपी ने खुद घटनास्थल का निरीक्षण किया और महोबा पुलिस से समन्वय बनाया। इसी बीच पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन श्रीमती हिमानी खन्ना ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर 30 हजार के इनाम की उद्घोषणा की। एकत्रित किए गए तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों से संदेही के तौर पर फरियादी मनीष का नाम सामने आया, जिसके बाद उसकी बैंक डिटेल की पड़ताल की गई। जाँच में सामने आया कि संदेही मनीष का पहले से इंडिया वन एटीएम फ्रेंचाइजी से करीब 17 लाख रुपये के लेनदेन का विवाद चल रहा है और वह करीब 53 लाख के कर्ज में दबा हुआ है। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर जब मनीष से पूछताछ की गई तो उसने अपने भाई पुष्पेंद्र अहिरवार, प्रदीप अहिरवार, दोनों पुत्र भान सिंह अहिरवार, निवासी नौगाँव, तथा ममेरे भाई रवि पुत्र रामआसरे अहिरवार, निवासी मलका, थाना गढ़ीमलहरा के साथ मिलकर साजिश रचने और वारदात को अंजाम देने का जुर्म कबूल कर लिया।

पूछताछ में मनीष ने बताया कि घटना दिनांक से एक दिन पहले उसने क्षेत्र की विभिन्न एटीएम मशीनों में पैसे भरने के लिए महोबा, उत्तर प्रदेश की एक्सिस बैंक से पैसे निकाले थे। 15 अगस्त को वह 61 लाख से अधिक राशि लेकर अपनी कार से कस्टोडियन के साथ एटीएम में पैसे भरने के लिए जा रहा था, जहाँ रास्ते में पहले से निर्धारित षड्यंत्र के तहत प्रदीप और रवि ने मोटरसाइकिल से उसकी वैन का पीछा करते हुए उसे रोका और इसके बाद कट्टा अड़ाकर पैसों से भरा बैग लेकर रफूचक्कर हो गए।

### बरामद हुई 70 लाख की संपत्ति

एसपी अगम जैन ने बताया कि उक्त घटना को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में ले लिया गया है। मुख्य आरोपी मनीष सहित सभी के पास से लूटी गई राशि 61 लाख रुपये के अलावा 315 बोर का देशी कट्टा, पाँच मोबाइल फोन, कार और मोटरसाइकिल सहित कुल 70 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की गई है। एसपी ने बताया कि एक आरोपी प्रदीप अहिरवार पर लूट, चोरी और दुष्कर्म जैसे 5 अपराध पहले से दर्ज हैं।

## केवल बाहरी सजावट नैतिकता नहीं बल्कि आंतरिक सजावट हमें सच्चा और अच्छा इंसान बनाती है- ब्रह्माकुमारीज़



### महात्मा गांधी बालिका छात्रावास में ब्रह्माकुमारी द्वारा नैतिक शिक्षा चरित्र निर्माण विषय पर आयोजित कार्यक्रम

**छतरपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्वनाथ कॉलोनी द्वारा गांधी आश्रम स्थित महात्मा गांधी बालिका विद्यालय में बच्चियों के लिए नैतिक शिक्षा चरित्र निर्माण विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में बीके कल्पना ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे कपड़े साफ सुथरे हों, हमारे नाखून साफ हो, हमारे बाल साफ हो यह एक नैतिक शिक्षा है लेकिन यह बाहरी नैतिक शिक्षा है। यह सब जीवन में बहुत जरूरी है लेकिन सच्ची नैतिकता और सच्ची शिक्षा हमें सच्चा और अच्छा इंसान बनना सिखाती है। हम कपड़े बहुत अच्छे पहने हैं, क्रीम पाउडर लगाकर चेहरे को सुंदर बना लें लेकिन हमारा आपस में अंदर से एक दूसरे के प्रति प्यार ना हो एक दूसरे प्रति नफरत की, लड़ाई झगड़े की भावना हो तो हमारी वह सुंदरता केवल बाहरी और दिखावटी ही होगी इसलिए हमें केवल ऊपर से साफ स्वच्छ नहीं दिखाना है बल्कि आंतरिक सफाई का भी ध्यान देना है।

इस अवसर पर बीके नम्रता ने बच्चों को अनेक प्रकार की शिक्षाप्रद एक्टिविटी करवाई जिसमें सभी बच्चों ने भाग लिया तत्पश्चात सभी बच्चियों को ईश्वरीय रक्षासूत्र बांधा गया। उक्त कार्यक्रम में गांधी आश्रम संचालिका दमयंती पाणि, बालिका छात्रावास अधीक्षका उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम के अंत में बीके मुस्कान ने सभी बच्चियों को ईश्वरीय प्रसाद ग्रहण करवाया।

### क्षेत्र की संस्कृति और भाषा को वैश्विक पटल पर पहुंचाने का प्रयास

# बुंदेलखंड के कलाकारों ने बनाई फिल्म लकी बुंदेलखंडी

**छतरपुर।**

बुंदेलखंड की समृद्ध संस्कृति, भाषा और लोकेशन को प्रमोट करने के लिए क्षेत्र के युवा कलाकारों ने एक अनोखी पहल की है। उन्होंने लकी बुंदेलखंडी नामक फिल्म बनाई है, जिसका ट्रेलर सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। फिल्म में मुख्य अभिनेता वरुण देव बुंदेला ने बुंदेलखंड की मिट्टी की खुशबू को जीवंत किया है, जबकि निर्देशन पुष्पेंद्र सिंह चौहान का है। तेजस्व बुंदेला, चेतन, अनुराग, प्रतीक तिवारी जैसे कलाकारों की भूमिका भी अहम रही। कलाकारों ने मंगलवार को छतरपुर में प्रेसवार्ता कर फिल्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिसमें डॉ. राघव पाठक भी मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता में मुख्य अभिनेता वरुण देव बुंदेला ने बताया कि फिल्म बुंदेलखंड की बोली और संस्कृति पर केंद्रित है, जो क्षेत्र की नकारात्मक छवि को बदलने का प्रयास करती है। उन्होंने बताया कि कि हमारी फिल्म का नाम ही बताता है कि यह पूरी तरह बुंदेलखंडी है। हमने बुंदेली भाषा को मुख्य रूप से महत्व दिया है, ताकि दुनिया भर में लोग जानें कि बुंदेलखंड की अपनी बोली है। हम इसे वैश्विक स्तर पर प्रमोट करना चाहते हैं। शूटिंग का 60 प्रतिशत हिस्सा पन्ना जिले के झरकुआं गांव में हुआ, जबकि 40 प्रतिशत नोएडा, हरियाणा और चंडीगढ़ में। वरुण ने कहा कि बुंदेलखंड पिछड़ेपन और सूखे के लिए जाना जाता है, लेकिन यहां कलाकारों का टैलेंट और शूटिंग के लिए शानदार लोकेशन हैं। कई बड़े स्टार्स यहां शूट कर चुके हैं। अगर फिल्म सफल हुई, तो हम और फिल्में बनाएंगे, बुंदेलखंड की संस्कृति को बेहतर दिखाएंगे और बॉलीवुड तक ले जाएंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म यूट्यूब चैनल व्लॉगर वरुण पर फ्री उपलब्ध है, जो 55 मिनट की है। फिल्म बनाने में आई चुनौतियों पर वरुण ने कहा, कठिनाइयां आईं, लेकिन हमने उन्हें नजरअंदाज कर सुपरहिट बनाने पर फोकस किया। टीम ने दिन-रात एक कर दिया, खाने-पीने पर तक ध्यान नहीं दिया।



फिल्म लकी बुंदेलखंडी की कहानी एक बुंदेलखंडी युवक की है, जो गांव में रहता है और एक लड़की से प्यार करता है। लड़की शहर जाती है, जहां ट्रैफिकर्स उसे विदेश बेचने की कोशिश करते हैं। युवक उसे कैसे बचाता है, यही फिल्म का मुख्य प्लॉट है। फिल्म में एक गाना व्हाइट व्हाइट गलवा है, जिस पर रील बनाने वाले को 5 मिलियन व्यूज पर 5 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है। कैमरा के पीछे की भूमिका निभाने वाले प्रतीक तिवारी ने ने बताया कि- मैंने शूटिंग संभाली, चेतन मेरे साथ थे। हमने बुंदेली भाषा पर फोकस किया, ताकि बुंदेलखंड की छवि बदल सके। फिल्म बुंदेलखंड की बोली पर गलत धारणा को सुधारने का प्रयास है, जहां भाषा को बुंदेली के रूप में प्रमोट किया गया है। फिल्म की टीम ने बुंदेलखंड की क्षमता पर जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र में टैलेंट और लोकेशन की कोई कमी नहीं है। यदि फिल्म हिट हुई, तो बॉलीवुड स्तर की फिल्में बनाकर बुंदेलखंड को वैश्विक पहचान दिलाई जाएगी। प्रेस वार्ता में कलाकारों ने दर्शकों से फिल्म देखने और साझा करने की अपील की।

## हिंडाल्को महान अस्पताल में आयोजित हुआ विशाल रक्तदान शिविर





**सिगरौली।** 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हिंडाल्को महान अस्पताल ने रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से अस्पताल परिसर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।शिविर का उद्घाटन हिंडाल्को महान इकाई प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ ने किया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी से डॉ. आर. डी. द्विवेदी, डॉ. अशेष शरण, हिंडाल्को महान अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के साथ-साथ डॉ. दीप्ति शरण, डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ. मुदित कुलश्रेष्ठ और डॉ. पॉल पांडियन सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सा कर्मचारी उपस्थित रहे।शिविर में कुल 91 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करना रहा।

## संगम सेवालय द्वारा पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**छतरपुर।** संगम सेवालय के तत्वावधान में देरी रोड स्थित डॉ. सतीश चौबे के पास वाले पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्क परिसर को हरा-भरा बनाने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के उद्देश्य से आम, अमरूद, अशोक, गुलमोहर और कदम के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान मुख्य रूप से डॉ. सतीश चौबे, डॉ. संगीता चौबे, विपिन अवस्थी, अंजु अवस्थी, लखनलाल अग्रवाल, प्रकाश जैन, दिल्लीराम अहिरवार, पटेरिया जी, प्रमोद एवं रवि उपस्थित रहे। अतिथियों ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़-पौधे न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं बल्कि जीवन का आधार भी हैं। इसलिए उनका संरक्षण करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। संगम सेवालय के पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है, जिससे समाज में हरियाली बढ़े और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश जन-जन तक पहुँच सके।

# मुकुंदपुर सहित छः ग्राम पंचायतों को रीवा में शामिल करने की कवायद से मचा सियासी संग्राम

## स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, कहा मैहर हमसे बहुत दूर है, रीवा ही जिला मुख्यालय होना चाहिएः प्रस्ताव पर गरमाई राजनीति पर स्थानीय जनता में बंटा मत






रीवा ।

प्रदेश की प्रशासनिक सीमाओं में बदलाव की एक संभावित पहल ने विंध्य क्षेत्र की राजनीति में हलचल मचा दी है। मामला मैहर जिले की छह ग्राम पंचायतों – मुकुंदपुर, आनंदगढ़, पापरा, परसिया, आमीन और धोबहट को रीवा जिले में शामिल करने के प्रस्ताव से जुड़ा है। यह प्रस्ताव न केवल राजनीतिक गलियारों में गूंज रहा है, बल्कि इन क्षेत्रों के आमजन में भी गहरी चर्चा का विषय बन गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के माध्यम से यह प्रस्ताव प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग को भेजा गया था। आयोग ने संबंधित क्षेत्रों का परीक्षण कर मैहर कलेक्टर से अभिमत भी मांगा है। प्रस्ताव आते ही क्षेत्रीय राजनीति गरमा गई है। सत्तापक्ष हो या विपक्ष, दोनों ने इस कदम पर विरोध जताया है। खासकर मुकुंदपुर स्थित व्हाइट टाइगर सफारी को लेकर विवाद और भी गहरा हो गया है।वही दूसरी ओर मुकुंदपुर, आनंदगढ़, आमीन, धोबहट, परसिया और पापरा पंचायतों के ग्रामीणों ने रीवा जिले में शामिल होने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सतना कलेक्टर ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए इस ज्ञापन में ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि रीवा नजदीक और सुविधाजनक है, जबकि मैहर मुख्यालय से दूरी, पहुंच और संसाधनों की भारी कमी के कारण आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि प्रशासन ने उनकी बात नहीं सुनी तो वे आगामी विधानसभा और पंचायत चुनावों का सामूहिक बहिष्कार करेंगे। साथ ही जन आंदोलन, चक्का जाम और धरना प्रदर्शन जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे।बॉक्स ग्राम सभा से ऐसा कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ : वार्ड पंचमुकुंदपुर ग्राम पंचायत के वार्ड पंच ने बताया कि जिस प्रस्ताव का हवाला देकर छह पंचायतों को रीवा में ना मिलाने की बात की जा रही है, वह पूर्णतः असत्य है। उनका कहना है कि ग्राम सभा में ऐसा कोई निर्णय लिया ही नहीं गया। यह सरपंच पर नेताओं का दबाव पर हुआ है। बॉक्स इतिहास भी रीवा के साथ, भूगोल भीस्थानीय वरिष्ठ नागरिक सीता शरण गुप्ता ने कहा, मुकुंदपुर रीवा से केवल 17 किलोमीटर दूर है, जबकि मैहर जिला मुख्यालय 75 किलोमीटर दूर है। तहसील अमरपाटन भी 50 किलोमीटर की दूरी पर है। जब 1947 में देश आजाद हुआ था, और विंध्यप्रदेश बना था तब मुकुंदपुर रीवा जिले में ही आता था और 1952 में इसे विधानसभा क्षेत्र भी बनाया गया था। रीवा और मुकुंदपुर का ऐतिहासिक संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि मुकुंदपुर सभी ग्राम पंचायत के लोग रीवा में शामिल होने के लिए व्याकुल है। वही आनंदगढ़ के पूर्व सरपंच मृत्युंजय द्विवेदी ने भी रीवा में शामिल होने की वकालत की है। उनका कहना है कि लोग वर्षों से सुविधाओं की कमी से परेशान हैं। रीवा नजदीक है, वहाँ से जरूरी सेवाएं जल्दी मिल सकती है।वहीं कई लोग राजनीतिक चाल चल रहे हैं। सभी ग्राम पंचायत को रीवा में शामिल होना चाहिए। बॉक्सव्हाइट टाइगर सफारी बना विवाद की जड़बताया जा रहा है कि इस पूरे विवाद की पृष्ठभूमि में मुकुंदपुर स्थित विश्वविख्यात व्हाइट टाइगर सफारी की भूमिका भी कम नहीं है। व्हाइट टाइगर सफारी आ जाने के कारण क्षेत्र में पर्यटक गतिविधियों का विकास हुआ है और राजस्व भी बढ़ा है, प्रशासन को मुकुंदपुर से अच्छा राजस्व प्राप्त हो रहा है अक्टूबर 2023 से पूर्व यह सफारी सतना जिले के अंतर्गत आती थी, लेकिन मैहर को जिला घोषित किए जाने के बाद यह नई जिले की सीमा में आ गई। इसके बावजूद यह आज भी रीवा जिले के आधिकारिक पोर्टल पर दर्शाई जाती है, जिससे पूर्व में भी विवाद उत्पन्न हो चुका है। क्षेत्रीय लोगों को कहना है कि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रयासों के कारण टाइगर सफारी मुकुंदपुर में स्थापित हुई है।

## खबर संक्षेप

### शातिर चोरी के कब्जे से आभूषण और नकदी बरामदगुढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का किया खुलासा



**रीवा।** जिले के गुढ़ थाना पुलिस ने सोने चांदी के आभूषण और नकदी पार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है, पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 13 अगस्त को आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उससे पूंछताछ की, जिसके बाद चोरी का माला बरामद किया गया। आरोपी ने एक नग सोने का सुई धागा का झुमका, 11 नग सोने की मनचली, एक जोड़ चांदी की पायल व 17000 रु. नकद चोरी कर लिए थे। गुढ़ पुलिस घटना के बाद संदेही बाबू चौरसिया पिता रामसिया चौरसिया 50 वर्ष निवासी ग्राम महसांव को पकड़कर पूछतांछ की जिसके बाद उसने घटना को स्वीकार किया और पुलिस ने माल बरामद करते हुए सोने चांदी के आभूषण और 12 हजार रुपए नकद बरामद कर लिए है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### बारिश में ढह गया कच्चा मकान, मलबे में दबे तीन मासूम, अस्पताल में भर्ती



**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलखन गांव के नेबुहा टोला में देर रात एक कच्चा मकान ढह जाने से घर में सो रहे तीन मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शुक्रवार रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है, जब पूरा परिवार घर में सो रहा था। तेज बारिश और जर्जर निर्माण के चलते अचानक मकान भरभरा कर गिर गया। हादसे में मलबे के नीचे दबे बच्चों को ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित बुद्धसेन कोल के अनुसार, बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण उनका कच्चा मकान काफी कमजोर हो गया था। रात के सन्नाटे में जब अचानक मकान गिरा, तो चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों को निकालने में मदद की। घटना में तीनों बच्चों के सिर और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि हादसे की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस, सरपंच और ग्राम सचिव को दी गई, लेकिन घटना के कई घंटे बाद तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई।

### उप मुख्यमंत्री को प्रजापिता ब्राम्हकुमारी संस्थान में किया गया सम्मानित



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय रीवा में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। संस्थान की प्रमुख बहन ब्राम्हकुमारी निर्मला ने उप मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर जन्मदिवस की शुभकामनाएँ दी तथा केक खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे जन्मदिवस पर ब्राम्हकुमारी संस्थान जैसे आध्यात्मिक चेतना के केन्द्र से आशीर्वाद मिलना बहुत बड़ा सौभाग्य है। आप सबने मेरे जन्मदिवस को विशेष बना दिया है। ब्राम्हकुमारी संस्थान की आध्यात्मिक चेतना और समाजसेवा से समाज को कठिन समय में सही राह मिलती है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता तथा बड़ी संख्या में संस्थान के सदस्य एवं साधक उपस्थित रहे।

# गोरगी की ऐतिहासिक दरगाह में तोड़फोड़, गुंबद पर लगा झंडा भी बदला

## पुलिस अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दर्ज किया मामला, मरम्मत का कार्य शुरू





रीवा।

जिले के गुढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गोरगी में एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां असामाजिक तत्वों ने ऐतिहासिक गाजी मियां दरगाह परिसर में तोड़फोड़ कर धार्मिक ध्वज फहरा दिया। शनिवार की सुबह जब स्थानीय लोग मजार पर पहुंचे, तो क्षतिग्रस्त परिसर और गुंबद पर लगे भगवा झंडे को देखकर आक्रोशित हो उठे। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए गुढ़ थाना प्रभारी शैल यादव सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।स्थानीय लोगों के अनुसार गाजी मियां की यह दरगाह न केवल मुस्लिम समुदाय के लिए आस्था का प्रतीक रही है, बल्कि हिन्दू श्रद्धालु भी यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वर्षों से यहां दोनों समुदायों के बीच सौहार्द और सांस्कृतिक समन्वय की मिसाल देखने को मिलती रही है। ऐसे में इस तरह की घटना को ग्रामीण धार्मिक सद्भाव पर सीधा हमला मान रहे हैं। अधिकारियों ने लोगों से बातचीत कर अमन-चैन कायम रखने का आहवान किया। असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के साथ ही मजार का सुधार कार्य कराए जाने के आश्वासन के बाद यहां स्थिति सामान्य हुई। बताया जा रहा है कि यहां पूर्व में ही कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगड़ने का काम किया था। बॉक्स गुंबद को क्षतिग्रस्त कर लगाया झंडाबता दे असामाजिक तत्वों ने दरगाह के चबूतरे और गुंबद को नुकसान पहुंचाया, और फिर गुंबद पर भगवा ध्वज फहरा दिया। घटना से गोरगी सहित आसपास के गांवों में तनाव का माहौल बन गया। हालांकि, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।बॉक्स सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिशपुलिस का मानना है कि यह कृत्य सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने और सांप्रदायिक तनाव फैलाने की साजिश हो सकता है। फिलहाल घटनास्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और संदिग्धों की तलाश जारी है। शहर काजी मुफ्ती मुहम्मद अजहरी भी इस घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह मजार हजारों साल पुरानी है।सभी समाज के लोग यहां आते हैं। यहां लोगों की मन्नते पूरी होती हैं। मजार शरीफ को डैमेज किया गया है। मीनार में भी तोड़फोड़ की है। गुंबद में लगा ध्वज भी बदला है। प्रशासन मुस्तैद है। आश्वस्त किया गया है कि इस तरह का कृत करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। हम आपसी सद्भाव और भाईचारे को बिगड़ने नहीं देंगे।

### इनका कहना है

असामाजिक तत्वों ने मजार को नुकसान पहुंचाकर वैमनस्यता फैलाने का काम किया है। है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जो तोड़फोड़ हुई है. उसका मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। स्थिति पूरी तरह से शांतिपूर्ण है।
**डॉ. अनुराग तिवारी एसडीएम गुढ़**

# सोशल मीडिया पर दोस्ती, फिर शादी का झांसा देकर ठगे जेवरात, आरोपी गिरफ्तार

## बैकुंठपुर थाना क्षेत्र की युवती से आरोपी ने की थी ठगी

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना पुलिस ने सोशल साइट के माध्यम से दोस्ती कर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दे आरोपी युवक सोशल साइट से लड़कियों को अपने झांसे में फंसा कर पहले दोस्ती करता और फिर शादी का झांसा देकर उनसे जेवरात की ठगी करता था। पकड़े गए आरोपी से बैकुंठपुर पुलिस ने पूछताछ की है जिसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई को लेकर बैकुंठपुर थाना प्रभारी जेपी पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र की एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सतना जिले के जैतवारा निवासी सुनील गुप्ता नामक युवक ने पहले उसे सोशल साइट के माध्यम से दोस्ती की फिर शादी का झांसा देकर उसके जेवरात ठग लिए है। जांच के दौरान बैकुंठपुर पुलिस ने शुभम गुप्ता निवासी जैतवारा को गिरफ्तार किया जिसने पूछताछ के दौरान अपना अपराध कबूल किया। बताया गया कि आरोपी ने युवती से पहले सोशल साइट के माध्यम से दोस्ती की फिर जान पहचान बढ़ाने के बाद उसे अपने झांसे में फसाया और शादी का प्रलोभन देकर अपने परिवार की रीति रिवाज बात कर उसे सोने की अंगूठियां सहित अन्य जेवरात ले लिए। कुछ दिनों बाद आरोपी शुभम ने युवती को नकली जेवरात वापस कर दिए। रक्षाबंधन में जब युवती ने उन्हीं जेबरातों को निकाल कर पहना तो उसे पता चला कि शुभम द्वारा वापस किए गए जेवरात नकली है जिसके बाद उसने ठगी की शिकायत बैकुंठपुर थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक द्वारा कई अन्य युवतियों के साथ भी इसी तरह की ठगी की गई है जिस संबंध में जांच की जा रही है।

# उप मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग गौशाला में किया गौपूजन, गौमाता और जनता के आशीर्वाद से मुझे रीवा के विकास की शक्ति मिलती है



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के जन्मदिवस पर लक्ष्मणबाग मंदिर परिषर तथा गौशाला में जन्म उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने लक्ष्मणबाग मंदिर में पहुंचकर विभिन्न देवताओं के दर्शन तथा पूजा अर्चन किया। श्री शुक्ल ने लक्ष्मणबाग गौशाला में गौमाता की पूजा करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया तथा जन्मदिवस के अवसर पर देवी स्वरूप कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने गौशाला की गौमाता के लिए आयोजित भण्डारे का शुभारंभ कर गौमाता को विभिन्न व्यंजन खिलाये। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मणबाग की पावन भूमि पर जन्मदिन मनाया जाना मेरे लिए बहुत बड़ा सौभाग्य और गौरव का क्षण है। गौमाता और जनता के आशीर्वाद से मुझे रीवा और विन्ध्य के विकास की शक्ति मिली है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता में देवी, देवताओं का वास होता है। गाय का गोबर और मूत्र का उपयोग पूजा में किया जाता है। यही गौमाता की पवित्रता का प्रमाण है। उनके आशीर्वाद से मैं सदैव क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत रहूंगा। हम सब मिलकर रीवा और विन्ध्य को विकास में अब्वल बनायेंगे। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि उप मुख्यमंत्री शुक्ल राजनीति की काटों और कलांक भरी गली से भी बेदाग रहे हैं। उन्होंने गौसेवा और जनसेवा का जो संकल्प लिया है उसमें विन्ध्य में विकास की नई इबारत लिखी है। जीवन में कई उतार चढ़ाव देखने के बावजूद शुक्ल ने जनसेवा को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, राजेश पाण्डेय, उप संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और आमजनों ने समारोह में भाग लेकर उप मुख्यमंत्री शुक्ल को जन्मदिन की बधाई दी।

## गांधी मेमोरियल अस्पताल के गायनी वार्ड में बड़ा हादसा टला

# छत का प्लास्टर गिरा, मां-बेटी बाल-बाल बची



रीवा।

शहर के गांधी मेमोरियल अस्पताल के गायनी वार्ड में शुक्रवार की देर रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक प्राइवेट रूम की छत से अचानक प्लास्टर का बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ, वरना यह हादसा गंभीर रूप ले सकता था। वार्ड में भर्ती प्रसूता और उसकी नवजात बच्ची पूरी तरह सुरक्षित हैं, लेकिन अस्पताल की जर्जर हालत एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बता दे सिरमौर तहसील के बेलवा गांव निवासी नीरज सिंह की पत्नी रूबी सिंह को प्रसव पीड़ा के चलते गांधी अस्पताल के गायनी वार्ड स्थित निजी कक्ष में भर्ती कराया गया था। सफल प्रसव के बाद मां और बेटी को वहीं रखा गया था। रात लगभग 11 बजे अचानक तेज आवाज के साथ छत का प्लास्टर गिर गया, जो ठीक प्रसूता के बेड के पास आकर गिरा। ध्वनि सुनकर स्टाफ और सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और तुरंत मां-बेटी को दूसरे वार्ड में स्थानांतरित किया गया। घटना के बाद कुछ देर तक वार्ड में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। बताया जा रहा है कि प्रसूता पुलिस विभाग में पदस्थ है।बॉक्स चंद दिनों में तीसरी लापरवाहीयह पहली बार नहीं है जब अस्पताल परिसर में इस तरह की घटना सामने आई हो। पिछले सप्ताह ही मेडिकल कॉलेज के नवनिर्मित भवन में फॉल सीलिंग गिरने की घटना ने प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया था। इसके अगले ही दिन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की छत से भी फॉल सीलिंग गिरने की खबर आई थी। अब गांधी मेमोरियल के प्राइवेट वार्ड में इस घटना ने अस्पतालों की निर्माण गुणवत्ता और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# उप मुख्यमंत्री का हनुमना में जिला महोत्सव कार्यक्रम में किया नागरिक अभिनंदन मऊगंज जिला उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल



**मऊगंज।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मऊगंज जिला उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। सभी के सहयोग से लक्ष्य की पूर्ति के लिए रचनात्मक कार्य सतत जारी रहेंगे। उन्होंने विकसित मऊगंज जिला बनाने के लिए सभी से सहभागी होने की अपेक्षा की। उप मुख्यमंत्री का मऊगंज जिला बनाओ संघर्ष समिति हनुमना द्वारा जिला महोत्सव कार्यक्रम में नागरिक अभिनंदन किया गया। हनुमना के हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मऊगंज जिले में विकास के साथ-साथ स्वास्थ्य, सिंचाई सुविधाओं सहित अन्य कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। बाईपास, रिंगरोड तथा सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। स्वच्छ जल को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है। आने वाले समय में मऊगंज जिला पूर्ण विकसित जिले के तौर पर जाना जाएगा और इसके विकास कार्य अन्य जिलों के लिए उदाहरण होंगे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में मऊगंज, हनुमना सहित ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्रों को सुविधा संपन्न बनाया जा रहा है। चिकित्सकों, चिकित्सकीय स्टाफ व उपकरणों की पूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जनता की आवश्यकता के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में 11 वर्षों के सुशासन काल में देश आर्थिक महाशक्ति बन रहा है। विश्व में हम तीसरे नम्बर की आर्थिक महाशक्ति बनने जा रहे हैं। उन्होंने मऊगंज के विकास के लिए विधायक श्री प्रदीप पटेल को साधुवाद दिया जिनके प्रयासों से विकास हेतु राशि की कोई कमी नहीं हो रही है। उप मुख्यमंत्री ने मऊगंज वासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के साथ ही मऊगंज जिले की स्थापना के द्वितीय वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। कार्यक्रम में विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने कहा कि मऊगंज जिले की स्थापना के द्वितीय वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में इसी जिले के लाल उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल की उपस्थिति गौरवपूर्ण है। उनके सहयोग से सीतापुर-हनुमना सिंचाई सुविधा, चौराघाट निर्माण, औद्योगिक क्षेत्र में देश के बड़े औद्योगिक संस्थानों द्वारा उद्योग स्थापना की स्वीकृति देने सहित अन्य विकास के कार्य तेजी से हो रहे हैं। यह जिला हर क्षेत्र में आने वाले समय में प्रदेश का सर्वोत्तम जिला बनेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी डॉ राजेन्द्र मिश्र ने कहा कि मऊगंज जिले के विकास में उप मुख्यमंत्री जी का निरंतर सहयोग मिल रहा है। उनके मार्गदर्शन में यह जिला उन्नति की ऊंचाईयाँ छुएगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने हनुमान मंदिर में भगवान के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय कुमार जैन, पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी, केशव प्रसाद मिश्र, संतोष मिश्र, नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह, नईगढ़ी जनपद अध्यक्ष ममता तिवारी, रीवा जिला गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, एसडीएम बीपी पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में हनुमनावासी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गरीब महिलाओं को अंग वस्त्र एवं नगद राशि भेंट कर किया गया सम्मानित



**मऊगंज।** जिले के ग्राम बरहटा निवासी सेवानिवृत शिक्षिका श्याम कली मिश्रा पत्नी ब्रजभूषण प्रसाद मिश्रा 5 वर्ष पूर्व अपने घर में बैठी थी इसी दौरान एक असहाय महिला जिसके पति का स्वर्गवास हो चुका था वह जा रही थी उसके तन के कपड़े काफी फटे हुए थे उनका मन देख कर बहुत द्रवित हुआ रात मे उनको नींद नहीं आई किसी कदर रात गुजारी और सुबह अपने पति बृजभूषण मिश्र अपने दोनों पुत्र राकेश प्रसाद मिश्र अजय मिश्र पुत्रवधू अर्चना मिश्रा सीता मिश्रा नाती ओम मिश्र दिव्यांश देवांश मिश्र नातिन अर्पिता मिश्रा उदिता पांडे पंती आरव पांडे के साथ बैठक कर एक दिन पूर्व की घटना की चर्चा की और कहा कि हमारी इच्छा है की स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर अपने ग्राम पंचायत अंतर्गत जितनी भी निराश्रित असहाय महिलाएं हैं जिनके पति इस धरती में नहीं है उनको हम अपने निज निवास में आमंत्रित कर उन्हें अंग वस्त्र एवं कुछ नगद राशि भेंट कर सम्मानित करना चाहती हूं सभी उपस्थित परिवार के लोगों ने बड़ी खुशी-खुशी के साथ कहा कि बहुत अच्छी बात है यदि आप ऐसा सोचती हैं तो बिल्कुल करिए हम लोगों की सहमति है तब से लगातार 5 वर्ष से महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है इसी कड़ी में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर अपने उनके निज निवास में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मऊबगदरा सरपंच ममता मिश्रा रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत बरहटा सरपंच ममता सिंह ने किया वही कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवी संतोष कुमार मिश्र बरहटा ने किया तथा साथ में गांव के अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित रहे जिनमे प्रमुख रूप से दीनानाथ मिश्र सुनील मिश्र अवधेश शुक्ला मिश्रा जी पाठक जी पूर्व सरपंच मनोज चतुर्वेदी पुंडरीक मिश्र ज्ञानेंद्र सिंह रमाशंकर शुक्ल लक्ष्मी सिंह बंधू सिंह मृत्युंजय चतुर्वेदी मोती कुमर साकेत ललबा कोल मनबोधी यादव उपस्थित रहकर महिलाओं को अंग वस्त्र एवं नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया जिसमें रनिया कोल गेंदउआ कोल गुलाब कली कोल कौशल्या कोल सुनीता कोल राजकुमारी कोल दुइजी कोल देवकली गुप्ता देवकली साकेत लल्ली कोल रेखा साकेत हरछठिया कोल मनबसुआ कोल कलावती कोल लीलावती यादव सहित कई अन्य महिलाओं को अंग वस्त्र एवं नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत में इनको विधिवत सोल्पाहार की भी व्यवस्था की गई तत्पश्चात ब्रजभूषण प्रसाद मिश्र ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप लोग इसी तरह से आशीर्वाद बनाए रखें और जो हमारी परंपरा चली आ रही है।